<u>प्रकाशनार्थ</u>

आनन्द के छात्रों ने प्रदेश स्तरीय टूर्नामेंट में तीन पदक जीते

आगरा। शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के आगरा स्थित आनन्द इंजीनियरिंग कालेज टैक्नीकल कैम्पस के छात्रों ने डा0 ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ के तत्वाधान में बी.बी.डी. एन.आई.टी. लखनऊ में 5 फरवरी से 7 फरवरी 2018 तक आयोजित प्रदेश स्तरीय स्पोर्टस् टूर्नामेंट में 3 पदकों पर कब्जा किया।

इस प्रदेश स्तरीय स्पोर्टस् टूर्नामेंट में आगरा जोन सहित 8 जोन के विजेता छात्र–छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था जिसमें आनन्द कालेज की शिवानी गुप्ता ने शतरंज में विजेता रही। साथ ही आकाश प्रधान ने 100 मीटर फर्राटा रेस में तृतीय स्थान एवं शैलेन्द्र शर्मा ने शतरंज में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता में आगरा जोन को महिला वर्ग में उपविजेता की ट्राफी भी प्रदान की गई जिसको उत्तर प्रदेश सरकार के तकनीकी व स्वास्थ्य शिक्षा मंत्री माननीय श्री आशुतोष टंडन एवं विश्वविद्यालय के कुलपति डा0 विनय पाठक द्वारा आनन्द इंजीनीयरिंग कालेज आगरा के शारीरिक शिक्षा निदेशक डा0 रामपाल सिंह ने ग्रहण किया।

कालेज के निदेशक प्रो0 अनिल किशोर ने विजेता खिलाड़ियों को संम्बोधित करते हुये कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ खेल–कूद छात्रों के सर्वागींण व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। इससे छात्र–छात्राओं के नेतृत्व विकास, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास के साथ–साथ सामाजिक व सांस्कृतिक विकास होता है जो एक अच्छे नागरिक की पहचान करता है।

विजेता खिलाड़ियों को कालेज के निदेशक डा0 अनिल किशोर व कुलसचिव डा0 जे0एस0 यादव ने पुरूस्कृत कर सम्मानित किया।

शारदा ग्रुप के वाईस चैयरमेन श्री वाई0के0 गुप्ता जी एवं मुख्य अधिशासी उपाध्यक्ष श्री प्रदीप महता ने विजेता खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी।